पुजेरी हत्याकांड : हत्या का आरोपी सेवा से पृथक

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मझौली में पदस्थ था स्थाईकर्मी आरोपी, ईई के आदेश पर एसडीएम मझौली की मोहर पर हुआ सेवा से पृथक

नवभारत न्यूज

सीधी/कुसमी 25 फरवरी। जिले के कुसमी में पुजेरी की निर्मम हत्याकांड के आरोपी स्थाईकर्मी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मझौली को कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी के आदेश पर एसडीएम मझौली की मोहर लगने के बाद सेवा से पृथक कर दिया गया है।

यहां बताते चलें कि सीधी जिले के कुसमी थाना क्षेत्र से जुड़े आपराधिक प्रकरण में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एक स्थायीकर्मी के विरुद्ध बड़ा निर्णय लिया है। कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी द्वारा जारी आदेश के अनुसार कामता प्रसाद केवट पिता स्व.अवधलाल केवट जो ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मझौली में पदस्थ थे को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है। आदेश बीती रात जारी हुआ, जिस पर आज एसडीएम द्वारा मोहर लगाए जाने के बाद यह औपचारिक रूप से

प्रभावशील हो गया। वही जारी आदेश में उल्लेख है कि थाना प्रभारी कुसमी के पत्र क्रमांक 223/2026 दिनांक 19.02.2026 के माध्यम से अपराध क्रमांक 29/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत दर्ज प्रकरण में श्री केवट की गिरफ्तारी की सूचना प्राप्त हुई थी। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मझौली द्वारा भी 19.02.2026 को गिरफ्तारी की पुष्टि की गई। प्रतिवेदन के अनुसार श्री केवट को 16.02.2026 से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जिला जेल सीधी में निरुद्ध किया गया है।

प्रशासनिक आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया कि श्री केवट का कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के तहत कदाचरण एवं अपराध की श्रेणी में आता है। इसी आधार पर म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण (नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है। कार्यपालन यंत्री सी.एल.साकेत के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा। वही इस कार्रवाई के बाद विभागीय एवं प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि शासन की सेवा शर्तों एवं आचरण नियमों के उल्लंघन के मामलों में नियमानुसार कठोर कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्रशासनिक अनुशासन और कानून व्यवस्था बनी रहे।

क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार कुसमी थाना में अपराध क्रमांक 29/2026 के तहत दर्ज प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने कामता प्रसाद केवट को गिरफ्तार किया। न्यायालय से न्यायिक रिमांड मिलने के बाद आरोपी वर्तमान में जिला जेल सीधी में निरुद्ध है, जबकि प्रकरण की विवेचना जारी है।

क्षेत्रवासियों में व्याप्त था आक्रोश

महाशिवरात्रि के दिन कुसमी अंचल के मंदिर के पुजारी इंद्रभान द्विवेदी की हुई हत्या से गांव में दुख और आक्रोश फैल गया था। परिजन और गांव वाले इस घटना को लेकर बेहद आक्रोशित हो गये थे। उनका कहना था कि ऐसे पावन दिन पर इस तरह की वारदात किसी को भी स्वीकार नही। घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया। उन्होंने मृतक पुजारी के शव को मुख्य सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक आरोपी पर सख्त धाराओं में कार्रवाई नहीं की जाती, वे पीछे नहीं हटेंगे।

भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

वीथिका भवन में किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सीधी जिले में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष विथिका भवन में प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन में मुख्य वक्ता पेंसनर्स कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मंगला प्रसाद द्विवेदी, संजय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष सीमेंट एवं कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के संभागीय अध्यक्ष बीरभान सिंह द्वारा उद्बोधन भारतीय मजदूर संघ ने विरोध प्रदर्शन के माध्यम से श्रमिकों से संबंधित लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई।

इसके पश्चात रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम 46 मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी, कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष वाल्मीक प्रसाद त्रिपाठी, भारतीय मजदूर संघ के संभागीय उपाध्यक्ष विकाश नारायण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पवन मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र मिश्रा, कार्यालय मंत्री प्रदीप साहू, प्रवेन्द्र द्विवेदी, शिवनारायण द्विवेदी संयोजक राज्य कर्मचारी संघ, उमानिवास मिश्रा महामंत्री अल्ट्राटेक मझिगवां, रमेश सिंह अध्यक्ष दैनिक वेतन भोगी, पेशा मोबिलाइजर के अध्यक्ष रजनीश साहू, बब्बू साकेत अध्यक्ष भवन सनिर्माण श्रमिक संघ, आर .एस . गौतम, प्रशांत तिवारी, योगेन्द्र द्विवेदी, सुशील सिंह, लक्ष्मीनारायण शुक्ला, राधाकांत तिवारी, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, लहरी सिंह, अनीता, शशि, किरण शुक्ला, संत कुमार द्विवेदी, अम्रेश कुमार पाठक, रामदीन सतनामी कृषक मित्र सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समूह के लंबित भुगतान का सीधी विधायक ने उठाया मुद्दा

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने विधानसभा में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कराए गए विद्यालयी गणवेश सिलाई कार्य के लंबित भुगतान का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया।

उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से स्पष्ट जानकारी मांगी कि वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कराए गए कार्यों का भुगतान अभी तक क्यों लंबित है और इसे कब तक जारी किया जाएगा। रीती पाठक ने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं ने समय पर गणवेश सिलाई का कार्य पूरा किया, लेकिन भुगतान में देरी से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सत्यापन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर लंबित राशि तत्काल जारी की जाए। विधायक ने सीधी विधानसभा क्षेत्र में गोवंश संरक्षण को लेकर तीन वृहद गौशालाओं की स्वीकृति का मुद्दा भी उठाया। साथ ही उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में गोवर्धन ग्रामों के चयन और विकास कार्यों के लिए बजट प्रावधान की जानकारी भी मांगी।

हाथियों और ओला-पानी से हुए नुकसान का तत्काल मुआवजा दें सरकार : अजय

फसल और घरों को हुए नुकसान पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने व्यक्त की चिंता

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सीधी जिले में हांथियों के आंतक और ओला वृष्टि से गरीब किसानों की फसल और घरों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने जिला प्रशासन और शासन से अचानक आई इस आपदा से हुए नुकसान का आंकलन कर तत्काल मुआवजा दिये जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कलेक्टर से अपेक्षा की है कि वे स्वयं व्यक्तिगत रूचि लेकर उन स्थानों का दौरा करें

और गांव वालों से बात करें जहां नुकसान हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदा को तो नहीं रोका जा सकता लेकिन जगली जानवरों के आतंक से होने वाले नुकसान को तो रोका जा सकता हैं। अभी तक वन विभाग का अमला हांथ पर हांथ धरे बैठा है। जब सीमावर्ती छत्तीसगढ़ राज्य से हांथी हमारे यहां घुस रहे थे तब वन विभाग ने अपनी ड्यूटी क्यों नहीं निभाई। अब जब विपदा सर पर आ गयी तब हाथियों से बिजली के खम्भों और तारों को होने वाले संभावित नुकसान को देखते हुए बिजली की सप्लाई बंद की जा रही है। इससे परीक्षा देने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों के आगे बिना तैयारी के पढ़ाई का संकट पैदा हो गया है। इस स्थिति में ग्रामीणों में और रोष व्याप्त होता जा रहा है।

श्री सिंह ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक से कहा है कि वे सीधी जिले और सीमावर्ती छत्तीसगढ़ राज्य के वन अधिकारियों से बात कर वस्तुस्थिति का पता लगायें, साथ ही हाथियों को वापस पुराने स्थान पर पहुंचाने के लिए जो भी उपाय किये जाते हैं वे तत्काल करें अन्यथा बहुत देर हो जायेगी और गरीब किसानों की फसल और घरों को भीषण नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता।

वरिष्ठ पत्रकार कृपाशंकर तिवारी की माता जी का दु:खद निधन

जिले की पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। जिले के वरिष्ठ पत्रकार कृपाशंकर तिवारी की माता जी जांत्री तिवारी पति स्व.राममनोरथ तिवारी उम्र 80 वर्ष का मंगलवार 24 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे दु:खद निधन हो गया।

ज्ञात हो की स्व.जांत्री तिवारी 6 फरवरी को अचानक पैरालिसिस से ग्रसित हो गयीं थीं जिनका उपचार रीवा के संजय गांधी मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा था। संजय गांधी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों द्वारा उन्हें घर ले जाने का परामर्श देते हुए छुट्टी दे दी थी। बीते मंगलवार को दोपहर

3:30 बजे उन्होंने सीधी निवास पर अंतिम सांस लीं। वे अपने पीछे 2 पुत्र, पुत्रवधू, नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़कर सदा-सदा के लिए इस संसार से विदा हो गयीं। आज बुधवार को सुबह प्रयागराज में छोटे पुत्र दयाशंकर तिवारी द्वारा मुखाग्रि दी गई। निधन की खबर लगते ही पत्रकारिता जगत मे शोक की लहर छा गयी। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकार आरबी सिंह, अखिलेश पाण्डेय, आदित्य सिंह, नंदलाल सिंह, सचिन्द्र मिश्रा, कुशाग्र पति त्रिपाठी, जगन्नाथ द्विवेदी, मनोज पाण्डेय, हरीशचंद मिश्रा, ओमप्रकाश पाठक, बृजेश पाण्डेय, अजय मिश्रा, शिवपूजन मिश्रा, हरीश मिश्रा, मुकेश चतुर्वेदी, उपेन्द्र सिंह सोलंकी, दिनेश तिवारी, रजनीश वेदांती, संतोष तिवारी, मनोज मिश्रा, बद्री प्रसाद सोनी प्रवीण तिवारी, अरविन्द सिंह, धीरेश मिश्रा सहित जिले भर के समस्त पत्रकारों ने दुख जताते हुए शोक संवेदना प्रकट किये हैं।

भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस से क्षेत्रीय विकास को मिलेगा प्रोत्साहन : डॉ . राजेश मिश्रा

▶ शासन की पहल पर क्षेत्र में हर्ष, ब्यौहारी, मड़वास एवं बरगवां में नई ट्रेन का स्वागत

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस रेल सेवा के शुभारंभ के उपलक्ष्य में ब्यौहारी, मड़वास एवं बरगवां रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्र में नई रेल सेवा प्रारंभ होने पर हर्ष का वातावरण देखा गया तथा शासन की इस पहल का स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ किया

गया। इस अवसर पर सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा भी उपस्थित रहे। सांसद द्वारा नई रेल सेवा से भोपाल से सिंगरौली तक यात्रा कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि उक्त रेल सेवा प्रारंभ होने से सिंगरौली एवं आसपास के क्षेत्रों को भोपाल के लिए नियमित एवं सुलभ रेल संपर्क उपलब्ध हुआ है। इससे विद्यार्थियों, श्रमिकों, व्यापारियों एवं आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह रेल सेवा लंबे समय से क्षेत्र की आवश्यकता रही है, जिसके पूर्ण होने से सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की राजधानी से सीधा रेल संपर्क स्थापित होने से प्रशासनिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार में सहूलियत होगी। यह सेवा क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। स्वागत कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नई रेल सेवा प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। सांसद द्वारा भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई एवं नागरिकों से जनसमस्याओं के संबंध में चर्चा कर आवश्यक पहल किए जाने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने समग्र एवं संतुलित विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।

जनगणना-2027 पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित मकान सूचीकरण से होगी शुरुआत

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। आगामी जनगणना 2027 पूर्व की जनगणनाओं की भांति इस बार भी दो चरणों में संपादित की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा, जिसमें प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों का विवरण संकलित किया जाएगा।

जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों एवं तकनीकी परिचय के लिए जिला सीधी अंतर्गत जनगणना अधिकारियों (जनगणना अधिकारी, चार्ज अधिकारी एवं सहयोगी) का दो दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर बी.पी. पांडे, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, विकास आनंद, एसडीएम प्रिया पाठक सहित समस्त तहसीलदार, सीएमओ एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य निदेशालय से आए पदाधिकारी नागेश पाठक एवं सुमित मौर्या द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन एवं डेमो के माध्यम से जनगणना 2027 की रूपरेखा, प्रारंभिक तैयारियां, रोडमैप एवं संगठनात्मक ढांचे की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संकलन किया जाएगा। साथ ही पूरे कार्य की निगरानी एवं समीक्षा जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली के वेब पोर्टल के जरिए की जाएगी। प्रथम चरण अंतर्गत म.प्र. में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक साथ संपन्न किया जाएगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में पूरे देश में कराई जाएगी। इस जनगणना में पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत राज्य में क्षेत्रीय कार्य प्रारंभ होने से 15 दिन पूर्व, अर्थात 16 से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिक सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन प्रश्नावली भरकर अपनी जनगणना स्वयं कर सकेंगे।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में वर्तमान बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के समक्ष चुनौतियां और उसका समाधान विषय पर 24 एवं 25 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ.प्रभाकर सिंह, प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. ओपी नामदेव ने कहा कि ऐसे अकादमिक आयोजनों से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को समकालीन विषयों पर गंभीर चिंतन

एवं विमर्श का अवसर प्राप्त होता है, जिससे उनके बौद्धिक एवं शोध कौशल का विकास होता है। संगोष्ठी के प्रथम दिवस में दो विशिष्ट वक्ताओं ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। प्रथम वक्ता डॉ. एसपी शुक्ला टीआरएस कालेज रीवा ने वैश्विक शक्ति संतुलन और भारत की उभरती भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत विश्व राजनीति में एक महत्वपूर्ण ध्रुव के रूप में उभर रहा है तथा वैश्विक मंचों पर उसकी भूमिका निरंतर सशक्त हो रही है। द्वितीय वक्ता डॉ. केबी सिंह एसजीएस कॉलेज सीधी ने भारत के समक्ष उपस्थित आर्थिक, सामरिक एवं तकनीकी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उनके संभावित समाधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में चार शोधार्थियों तथा द्वितीय सत्र में पांच शोधार्थियों द्वारा शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों एवं विश्वविद्यालयों से आए विद्वानों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.आका सिंह तिवारी द्वारा किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन प्रो.प्राची सिंह द्वारा किया गया। संगोष्ठी के संयोजक डॉ.राजेश कुमार साहू रहे। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्वान, शोधार्थी, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

7 मार्च तक कराएं गेहूं उपार्जन पंजीयन जिले में 41 केन्द्र स्थापित

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र दिनांक 23 जनवरी 2026 के अनुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए जिले में किसानों का पंजीयन किया जा रहा है।

जिले में कुल 41 पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें सीधी खुर्द, अमरवाह, धनहा, सारोकला, चौफाल, सेमरिया, गांधीग्राम, सांडा, बड़ाटीकट, सपही, सहजी, चंदवाही, अमरपुर, अमिलिया, ताला, मझौली, मड़वास, गिजवार, टिकरी, रामपुर नैकिन, कुड़िया, कंधवार, बड़खरा, चुरहट, बेल्दह, गुजरेड, खड्डी, बमुरी, बघोर, बिठौली, अमिरती, टमसार, लुरघुटी, भुईमाड़, पोड़ी, कमर्जी, लकोड़ा, भरतपुर, बघवार, उपनी एवं पतुलखी शामिल हैं। समस्त किसानों से अपील की गई है कि वे 7 मार्च तक संबंधित केन्द्रों में नि:शुल्क गेंहू पंजीयन अवश्य कराएं। अब तक केवल 634 किसानों द्वारा ही पंजीयन कराया गया है।

उर्मिलेश्वर धाम पड़रा की रासलीला में श्रीकृष्ण भक्त नरसी मेहता के चरित्र का मंचन

आज विशाल भंडारे का होगा आयोजन, श्रीराधा कृष्ण रासलीला का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

सीधी 25 फरवरी। भगवान श्री द्वारिकाधीश के परम भक्त नरसी मेहता के भक्त चरित्र का मनमोहक मंचन श्रीरामकृष्ण लीला प्रचार मंडल वृंदावन के रसिक कलाकारों द्वारा किया गया।

शहर के उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर पड़रा में 17 फरवरी से दण्डी स्वामी निर्भयानंद सरस्वती के सानिध्य में वरिष्ठ समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार के सौजन्य से आयोजित हो रहा है। मंगलवार को रासलीला का शुभारंभ श्रीराधाकृष्ण की निकुंज लीला से किया गया। डॉ.अनूप मिश्रा, सीए राकेश शुक्ला, मान्या पाण्डेय, राष्ट्रीय लोक गायिका गुरुदत्त शुक्ला, एम.पी.शुक्ला, कुशाग्र त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र सिंह, विमल सिंह, दिलीप सितानी, डॉ.हरिओम सिंह, अखिलेश पाण्डेय, श्रीमती आराधना पाण्डेय पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विनय कुमार सिंह ने अपनी माता एवं परिवार के साथ श्री युगल सरकार की आरती की। परम भक्त नरसी मेहता बचपन से ही भगवान कृष्ण के अनन्य भक्त थे। उन्होंने अपना सारा समय कीर्तन में बिताया और सांसारिक मोह-माया से दूर रहे। उनकी घर के कामकाज में रुचि न

होने और कमाने की अनिच्छा के कारण उन्हें अपने भाई और भाभी के ताने सुनने पड़ते थे। जब नरसी मेहता की बेटी कुंवरबाई का भात (विवाह के समय माईरा) भरने की बात आई, तो कहा जाता है कि स्वयं कृष्ण ने एक सेठ के रूप में आकर भात भरा और उनकी लाज बचाई। इसी तरह नरसी जी ने एक बार द्वारका की यात्रा के लिए अपनी हुंडी (बैंक ड्राफ्ट) स्वयं भगवान कृष्ण के नाम पर 56 करोड़ की संपत्ति के बदले लिखी, जिसे भगवान ने स्वीकार किया।

जब लोगों ने उनकी परीक्षा लेने के लिए उन्हें राजा के सामने खड़ा किया तो कृष्ण ने स्वयं आकर उनके गले में फूलों की माला डाल दी। भक्त नरसी मेहता गुजरात के जूनागढ़ के एक महान कृष्णभक्त कवि थे, जिन्होंने अपना जीवन भजन-कीर्तन में समर्पित कर दिया। उन्होंने जातीय भेदभाव छोड़कर हरिजन बस्तियों में कीर्तन किया, जिससे उन्हें समाज के बहिष्कार का सामना करना पड़ा। उनके प्रसिद्ध भजन वैष्णव जन तो तैणे कहिए ने उन्हें घर-घर लोकप्रिय बनाया।

रासलीला में इन्होंने निभाई भूमिका

उक्त रासलीला में ठाकुर जी श्रीकृष्ण की भूमिका दीपेश शर्मा, श्रीजी की भूमिका गोविंद शर्मा, श्रीजी की अष्ट सखियों की भूमिका में करण शर्मा, नैतिक शर्मा, रवि शर्मा, राजू शर्मा, देव कुमार शर्मा, रामवीर शर्मा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कान्हा जी दिगम्बर शर्मा, हरीश शर्मा, छोटू मिश्रा, ऋषि मिश्रा द्वारा अभिनय किया गया।